# भारत सरकार

# केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

## हिंदी प्रश्न पत्र-2
## (सहायक कार्यपालक अभियंताओं के लिए)
## वर्ष 2022

*****

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं तीन विषयों पर टिप्पणियां लिखें । (अंक-15)

1- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्य एवं उनका महत्व ।
2- देश के विकास में राजभाषा हिंदी की भूमिका ।
3- निर्माण के क्षेत्र में के.लो.नि.वि. की भूमिका ।
4- कार्यालय में समय-पालन ।
5- सरकारी कर्मचारी के जीवन में सेवा-पुस्तिका का महत्व ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखें । (अंक-15)

1- भारत सरकार की राजभाषा नीति का उद्देश्य क्या है ?
2- केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान एवं केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो किन विषयों पर प्रशिक्षण देते हैं ?
3- राजभाषा अधिनियम और नियमों के संबंध में केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का क्या उत्तरदायित्व है ?
4- भारत सरकार द्वारा हिंदी बोले और लिखे जाने के आधार पर राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को कितने क्षेत्रों में चिन्हित किया गया है ? प्रत्येक क्षेत्र से दो राज्यों के नाम लिखें ।
5- राजभाषा 1963 की धारा 3(3) क्या है ? इसके अन्तर्गत आने वाले तीन दस्तावेज बताएं ।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखें । (अंक-10)

| | | |
|---|---|---|
| 1- Adjournment Motion | 2- Comparative Statement | 3- Competent Authority |
| 4- Departmental Charges | 5- Delegation of Powers | 6- Execution of Contract |
| 7- Final Contribution | 8- Honorarium | 9- Directorate General |
| 10- Additional Secretary | | |

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखें । (अंक-10)

| | | |
|---|---|---|
| 1- अनंतिम अनुमान | 2- आकस्मिक भत्ता | 3-आधिकारिक पत्राचार |
| 4- उपयोग प्रमाणपत्र | 5-उपलब्धि अभिलेख | 6- कार्योत्तर मंजूरी |
| 7-निबंधन और शर्तें | 8-नियंत्रक और महालेखा परीक्षक | |
| 9-नियम-विनियम | 10- निष्पादन लेखापरीक्षा | |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित का हिंदी में अनुवाद करें ।** **(अंक-15)**

**None of the Non-Governmental Organization has been authorized to impart training of Official Language to the employees of Central Government Offices by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs. Sufficient number of training centers across the country are functioning under the Department of Official Language and they impart various types of training to the officers and employees of the Central Government free of cost and they also organize workshops for deliberations on Official Language. As per the directions of Department of Official Language, all the Offices/Banks /Undertakings etc. organize workshops for encouraging the use of Official Language in their respective offices. Besides English, the facility of imparting online training of Hindi language through 14 Indian languages is available at the website of Department of Official Language. Thus, it is not desirable to incur infructuous expenditure from the Government exchequer for participation in Official Language training and workshops organized by such NGOs.**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद करें ।** **(अंक-15)**

**जलवायु-परिवर्तन को रोकने के लिए इस दिशा में योगदान देने के लिए निजी स्तर पर भी हम अनेक प्रकार की पहल कर सकते हैं। उदाहरण स्वरूप, अगर हम प्राकृतिक संपदा का उपयोग कम करें तो उससे भी लाभ होगा। मोटर वाहनों का उपयोग कम करने से इसमें बहुत सहायता मिलेगी । जहाँ हम सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पहुँच सकते हैं वहाँ निजी वाहनों का उपयोग हमें नहीं करना चाहिए। कम दूरी तय करने के लिए हम साइकिल का उपयोग भी कर सकते हैं या पैदल भी जा सकते हैं। उससे स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और किसी प्रकार का प्रदूषण या उत्सर्जन नहीं होगा । बिजली का उत्पादन पर्यावरण प्रदूषण तथा ग्रीन हाउस प्रभाव को बढ़ाने में बहुत प्रभावी होता है। जहाँ भी संभव हो, हमें बिजली को बेकार जाने से बचाना चाहिए। आवश्यकतानुसार ही बिजली के साधनों का उपयोग करना चाहिए । जलवायु परिवर्तन के कारण अनेक स्थान पर पानी की कमी हो रही है। जहाँ पानी उपलब्ध है वहाँ उसे बर्बाद नहीं होने देना चाहिए । किसान बेहतर तरीके से सिंचाई करें तो बहुत बड़ी मात्रा में पानी का खर्च कम हो सकता है ।**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें ।** **(अंक-20)**

**1- This section has no such information to furnish.**
**2- Draft as directed by the Chief Engineer is submitted for approval.**
**3- Submitted with reference to Secretary's note above.**
**4- The required information is being obtained from Circle office and will be furnished on receipt.**
**5- Chief Controller has returned the papers.**
**6- This may be passed on to the Accounts Section for necessary action.**
**7- Seen and returned with thanks.**
**8- The matter is still under consideration of the Ministry of Finance.**
**9- We have no further comments.**
**10- Further report from the Director General may be awaited.**